# उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,
# कानपुर– 208001

## प्रशासकीय परिषद् की ग्यारहवीं बैठक की

## <u>कार्यवृत्त</u>

| | |
|---|---|
| स्थान | – निदेशक कक्ष, उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। |
| दिनांक | – 26.04.2018 |
| समय | – 1:00 बजे (पूर्वाह्न) |

**11.01 संस्थान की प्रशासकीय परिषद् की दिनांक 19 जुलाई, 2017 को सम्पन्न दसवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया जाना।**

उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दसवीं बैठक 19 जुलाई, 2017 को प्रमुख सचिव के कक्ष सचिव भवन, विधान भवन, लखनऊ में सम्पन्न हुई। प्रशासकीय परिषद ने दसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों का पुष्टिकरण किया।

**11.02 उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी की प्रशासकीय परिषद की दसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद की 19 जुलाई, 2017 को सम्पन्न हुई दसवीं बैठक में निर्णयों पर कृत कार्यवाही का अवलोकन किया और पाया कि बिन्दु 10. 01 के अनुसार डा0 प्रमोद कुमार के प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति के संबंध में गठित समिति को अपनी संस्तुति रिपोर्ट प्रशासकीय परिषद की ग्यारहवीं बैठक में प्रस्तुत की जानी थी। गठित समिति को अपनी संस्तुति प्रदान करने हेतु समय सीमा बढ़ाने पर सहमति प्रदान की।

**11.03 संस्थान में शैक्षिक गतिविधियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्रों द्वारा किये गये प्रदर्शन से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।**

परिषद ने छात्रों द्वारा गेट परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में किये गये प्रदर्शन का अवलोकन किया एवं छात्रों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किये जाने की सराहना की।

**11.04 संस्थान में अनुपयुक्त हो चुकी सामग्रियों के निष्प्रयोज्य घोषित कर नीलामी कराये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्राप्त किया जाना।**

परिषद ने अनुपयुक्त हो चुकी सामग्रियों के निष्प्रयोज्य घोषित कर नीलामी कराये जाने के प्रस्ताव को सैद्धान्तिक सहमति इस शर्त के साथ प्रदान की कि उक्त कार्यवाही वित्त समिति से अनुमोदन के उपरान्त सम्पन्न की जाय।

11.05 टेक्निकल एजुकेशन क्वालिटी इम्प्रूवमेन्ट प्रोग्राम–3 के अन्तर्गत संस्थान द्वारा प्रस्तुत इंस्टीट्यूशनल डेवलपमेन्ट प्रपोजल (आई0डी0पी0) कार्यक्रम के कियान्वयन हेतु परिषद से अनुमोदन प्राप्त किया जाने का प्रस्ताव।

परिषद ने टेकिप–III के अन्तर्गत वर्ष 2018–19 के बजट प्रस्ताव का अवलोकन किया एवं प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

11.06 माननीय न्यायालयों में योजित/विचाराधीन एवं लम्बित वादों से परिषद् को अवगत कराना।

परिषद ने विभिन्न न्यायालयों में लम्बित वादों एवं उसमें कृत कार्यवाही का अवलोकन किया एवं लम्बित प्रकरणों पर प्रभावी पैरवी करते हुये निस्तारित कराने का निर्देश दिये।

11.07 संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के सेवायोजन की स्थिति से परिषद् को अवगत कराया जाना।

प्रशासकीय परिषद छात्र/छात्राओं के सेवायोजन की स्थिति से अवगत हुई एवं सेवायोजन के स्थिति की सराहना की।

11.08 संस्थान को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदत्त शैक्षिक स्वायत्तता को सत्र 2017–18 में भी सफलतापूर्वक संचालित करने से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।

प्रशासकीय परिषद शैक्षिक स्वायत्ता के अनुसार शैक्षिक सत्र 2017–18 में भी लागू किये जाने से अवगत हुई।

11.09 संस्थान स्तर पर लिये गये प्रशासनिक निर्णय से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।

परिषद ने तकनीकी एवं कार्यालय कर्मचारियों को ए0सी0पी0 का लाभ प्रदान करने हेतु शासनादेश के अनुसार समयबद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

11.10 संस्थान में कार्यरत संकाय सदस्यों (शिक्षकों) की वरिष्ठता की सूची का निर्धारण करते हुये अनुमोदन प्राप्त किया जाना।

परिषद ने दसवीं बैठक में दिये गये दिशा निर्देशों के कम में संकाय सदस्यों की वरिष्ठता सूची को निर्धारित किये जाने का अवलोकन किया एवं अपना अनुमोदन प्रदान किया।

11.11 संस्थान में नियमित निदेशक की नियुक्ति व पदभार ग्रहण किये जाने के संबंध में प्रशासकीय परिषद् को अवगत कराना।

परिषद ने प्रो0 मुकेश कुमार सिंह के निदेशक पद पर नियुक्ति एवं दिनांक 14.12.2017 को कार्यभार ग्रहण करने के प्रस्ताव का अवलोकन किया एवं अनुमोदन प्रदान किया।

11.12 संस्थान के शिक्षकों को कैरियर उन्नयन योजना (कैस) के अन्तर्गत प्रोन्नति प्रदान किये जाने का प्रस्ताव ।

संस्थान के शिक्षकों के कैरियर उन्नयन योजना के अन्तर्गत लाभ दिये जाने हेतु प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदित एवं ए0आई0सी0टी0ई0 मानकों के अनुरूप गठित समिति की संस्तुति रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त प्रशासकीय परिषद ने निम्नलिखित शिक्षकों को प्रोन्नति हेतु निम्नानुसार निर्णय लिया।

| क0 सं0 | संकाय सदस्य का नाम व पदनाम | वर्तमान वेतनमान व ग्रेड पे | प्रोन्नति के उपरान्त वेतनमान ग्रेड पे एवं पदनाम | प्रशासकीय परिषद का निर्णय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री इन्द्र प्रकाश मिश्र, सहायक प्रोफेसर | रू0 15600–39100 ग्रेड पे 8000/– असिस्टेन्ट प्रोफेसर | 37400–67000 ग्रेड पे 9000/– एसोसिएट प्रोफेसर | ए0आई0सी0टी0ई0 से स्पष्टता प्राप्त की जाय। |
| 2. | डा0 मुकेश कुमार सिंह, सहायक प्रोफेसर | रू0 15600–39100 ग्रेड पे 8000/– असिस्टेन्ट प्रोफेसर | 37400–67000 ग्रेड पे 9000/– एसोसिएट प्रोफेसर | अनुमोदित |
| 3. | श्री संजीव कुमार राजपूत, सहायक प्रोफेसर | रू0 15600–39100 ग्रेड पे 8000/– असिस्टेन्ट प्रोफेसर | 37400–67000 ग्रेड पे 9000/– एसोसिएट प्रोफेसर | ए0आई0सी0टी0ई0 से स्पष्टता प्राप्त की जाय। |
| 4. | डा0 देवेन्द्र प्रसाद, सहायक प्रोफेसर | रू0 15600–39100 ग्रेड पे 7000/– असिस्टेन्ट प्रोफेसर | रू0 15600–39100 ग्रेड पे 8000/– असिस्टेन्ट प्रोफेसर | अनुमोदित |
| 5. | श्री शिव गोविन्द प्रसाद, सहायक प्रोफेसर | रू0 15600–39100 ग्रेड पे 7000/– असिस्टेन्ट प्रोफेसर | रू0 15600–39100 ग्रेड पे 8000/– असिस्टेन्ट प्रोफेसर | ए0आई0सी0टी0ई0 से स्पष्टता प्राप्त की जाय। |
| 6. | डा0 नीलू कम्बो, सहायक प्रोफेसर | रू0 15600–39100 ग्रेड पे 7000/– असिस्टेन्ट प्रोफेसर | रू0 15600–39100 ग्रेड पे 8000/– असिस्टेन्ट प्रोफेसर | अनुमोदित |

11.13 संस्थान में तृतीय श्रेणी के तकनीकी एवं लिपिक सम्वर्गीय कर्मचारियों के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अधियाचन अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को प्रेषित किये जाने का प्रस्ताव।

संस्थान द्वारा प्रस्ताव प्रेषित कर दिया गया। परिषद ने प्रस्ताव का अवलोकन किया।

11.14 संस्थान में ए0आई0सी0टी0ई0 के मानकों के अनुरूप संकाय सदस्यों (शिक्षकों) के पदों का सृजन किया जाना।

परिषद ने प्रस्ताव का अवलोकन किया।

11.15 संस्थान में सेवानिवृत्त होते जा रहे कर्मचारियों के स्थान पर सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्मिक रखने का प्रस्ताव।

परिषद ने संस्थान में 01 सहायक कुलसचिव, 01 सहायक लेखाकार तथा 01 स्थापना लिपिक को रखने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

11.16 संस्थान में विभागाध्यक्षों का कार्यकाल निर्धारित करने के का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद ने विभागाध्यक्षों का कार्यकाल 03 वर्ष निर्धारित करने के प्रस्ताव को इस शर्त के साथ अनुमोदन प्रदान किया कि विभागाध्यक्ष एसोसिएयेट प्रोफेसर से कम न हो।

11.17 प्रशासकीय परिषद द्वारा परिषद के रिक्त पदों पर सदस्यों को नामित किया जाना।

प्रशासकीय परिषद ने अनु0जाति/अनु0जनजाति के प्रतिनिधि के रूप में प्रो0 के0एल0 महावर वी0वी0ए0यू0, लखनऊ को नामित किया।

11.18 संस्थान की वित्त समिति के सदस्य निदेशक, एच0बी0टी0आई0, कानपुर के स्थान पर किसी शिक्षाविद को नामित किये जाने का प्रस्ताव।

परिषद ने वित्त समिति के सदस्य हेतु प्रो0 करूणाकर सिंह, एच0बी0टी0यू0, कानपुर एवं प्रो0 कैलाश नारायण उपाध्याय, आई0ई0टी0, लखनऊ को नामित किया।

11.19 संस्थान में नव-नियुक्त संकाय सदस्यों के कार्यभार ग्रहण करने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया जाना।

परिषद ने चयन समिति की संस्तुति के आधार पर नियुक्त संकाय सदस्यों डा0 अरूण कुमार पात्रा, प्रोफेसर टेक्सटाइल केमिस्ट्री, श्री विवेक मनी त्रिपाठी, सहायक प्रोफेसर मैकेनिकल इंजीनियरिंग, डा0 सुप्रियो चकबर्ती, सहायक प्रोफेसर टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी, स्पिनिंग एवं डा0 सुभाकर मैति सहायक प्रोफेसर नीटिंग के नियुक्ति एवं कार्यभार ग्रहण करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

11.20 संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर नियुक्त करने का प्रस्ताव।

परिषद ने विजिटिंग प्रोफेसर नियुक्त किये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया।

11.21 संस्थान की भवन एवं निर्माण समिति की नौवीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्राप्त किये जाने का प्रस्ताव एवं संस्थान में चल रहे निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराये जाने का प्रस्ताव।

परिषद ने संस्थान में चल रहे निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति का अवलोकन किया एवं प्रस्तावित निर्माण कार्यो पर सैद्वान्तिक सहमति प्रदान की।

11.22 टेकिप–।।। के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2017–18 में सम्पन्न हुई विभिन्न गतिविधियों से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।

परिषद ने टेकिप–।।। के अन्तर्गत वर्ष 2017–18 के दौरान किये गये गतिविधियों का अवलोकन किया।

11.23 संस्थान में चल रहे एम0टेक0 टेक्सटाइल केमिस्ट्री कोर्स को बन्द किये जाने का प्रस्ताव।

परिषद ने एम0टेक0 टेक्सटाइल केमिस्ट्री कोर्स में छात्रों के गत 05 वर्षो में 30 प्रतिशत से कम प्रवेश होने के कारण कोर्स के बन्द किये जाने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया।

11.24 माननीय न्यायलयों में संस्थान के प्रतिनिधित्व हेतु अधिवक्ताओं को नामित किये जाने का प्रस्ताव।

परिषद ने विभिन्न न्यायालयों में प्रतिनिधित्व हेतु श्री रोहित पांण्डेय, अधिवक्ता को मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, श्री युगराज सिंह, प्रस्तुतकर्ता अधिकारी, मा0 उ0प्र0 लोक सेवा अधिकरण, इंदिरा भवन, लखनऊ तथा श्री शोभनाथ सिंह, अधिवक्ता को जनपद न्यायालय, कानपुर नगर को वार्षिक आधार पर कौंसिलर नियुक्त करने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया। परिषद ने विशेष परिस्थितियों में अपने विवेकानुसार अन्य किसी अधिवक्ता की सेवायें लेने के लिए निदेशक को अधिकृत किया।

11.25 अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद की अनुमति से अन्य किसी प्रस्ताव पर विचार।

(क) मा0 अध्यक्ष की अनुमति से प्रो0 अरूण कुमार पात्रा की इस पद पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व की वेतन को संरक्षित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

परिषद ने प्रो0 अरूण कुमार पात्रा के वेतन को संरक्षित करने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया।

(ख) 16.11.2017 को हुये कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (कैस) के पश्चात् कुछ संकाय सदस्य कैस से प्रोन्नति पाने के अर्ह हो गये है। अतः पूर्व उपलब्ध विशेषज्ञों के पैनल को कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम एवं नियुक्ति हेतु पुनः अनुमोदन प्रदान किया।

| | | |
|---|---|---|
| | | Chaturvedi 25/5/18 |
| ( डा0 मुकेश कुमार सिंह )<br>निदेशक एवं सदस्य सचिव<br>प्रशासकीय परिषद,<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी<br>संस्थान कानपुर | ( अवध किशोर )<br>अनुसचिव,प्राविधिक शिक्षा,<br>एवं प्रतिनिधि उपाध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद,<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी<br>संस्थान कानपुर | ( प्रो0 ए0के0 चतुर्वेदी )<br>अध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद,<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी<br>संस्थान कानपुर |

## उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर की प्रशासकीय परिषद की ग्यारहवीं बैठक का कार्यवृत्त।

26.04.2018

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

| क0सं0 | सदस्य का नाम | पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 ए0के0 चतुर्वेदी,<br>आई0आई0टी0,<br>रूड़की। | अध्यक्ष | Chaturved. |
| 2. | प्रो0 विनय कुमार पाठक,<br>माननीय कुलपति,<br>ए0के0टी0यू0,<br>लखनऊ। | सदस्य | |
| 3. | श्री अवध किशोर,<br>अनुसचिव,<br>उ0प्र0 शासन,<br>प्राविधिक शिक्षा,<br>लखनऊ। | उपाध्यक्ष प्रतिनिधि | 26/4/18 |
| 4. | डा0 बी0के0 बेहेरा,<br>प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी,<br>दिल्ली। | सदस्य | 26.04.2018 |
| 5. | डा0 टी0सी0 शमी,<br>सेवानिवृत्त वैज्ञानिक "जी"<br>डी0एम0एस0आर0डी0ई0,<br>कानपुर। | सदस्य | 26/4/18 |
| 6. | प्रो0 जे0 रामकुमार,<br>प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष मैकेनिकल इंजीनियरिंग,<br>आई0आई0टी0,<br>कानपुर। | सदस्य | 26/04/18 |
| 7. | प्रो0 रघुराज सिंह,<br>प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर साइंस,<br>एच0बी0टी0यू0,<br>कानपुर। | सदस्य | 26/4/2018 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8. | इंजी0 आर0सी0 राजपूत,<br>निदेशक,<br>प्राविधिक शिक्षा,<br>उत्तर प्रदेश। | सदस्य | |
| 9. | श्री विमल कुमार,<br>फाइनेन्स कन्ट्रोलर,<br>तकनीकी शिक्षा विभाग,<br>उत्तर प्रदेश। | सदस्य<br>प्रतिनिधि<br>वित्त विभाग | |
| 10. | प्रो0 आभा भार्गव,<br>प्रोफेसर, उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य | |
| 11. | प्रो0 मुकेश कुमार सिंह,<br>निदेशक, उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य<br>सचिव | |

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित नहीं हो सके।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12. | प्रो0 जे0पी0 सैनी,<br>निदेशक<br>एन0एस0आई0टी0,<br>दिल्ली। | सदस्य | |
| 13. | प्रो0 मंगला जोशी,<br>प्रोफेसर,<br>आई0आई0टी0,<br>दिल्ली। | सदस्य | |
| 14. | प्रो0 के0के0 गोस्वामी,<br>निदेशक,<br>आई0आई0सी0टी0,<br>भदोही। | सदस्य | |
| 15. | प्रो0 आर0आर0 मलिक,<br>यू0जी0सी0, नामित | सदस्य | |
| 16. | प्रो0 आलोक कुमार,<br>प्रोफेसर, उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य | |